PRESS CLIP

==

Publication:- Prabhat Khabar

Date: - 29th April 2020

Page :- 07

Online Panel Discussion on "Learning from Essentials"on 23rd April organized by The Bengal Chamber

खाद्य सुरक्षा व स्वास्थ्य देश की प्राथमिकता

- द बंगाल चेंबर के ऑनलाइन पैनल डिस्कशन में वक्ताओं ने रखी राय

कोलकाता. देशभर में जारी लॉकडाउन में दो अत्यंत आवश्यक प्राथमिकताएं स्वास्थ्य और भूख का एहसास हो गया है. देश की सर्वोच्च प्राथमिकता खाद्य सुरक्षा व स्वास्थ्य देखभाव है. कोविड-19 के इस दौर के बीच इससे निपटने के लिए द बंगाल चेंबर द्वारा 'अनिवार्य स्थिति से सीख' विषय पर आयोजित ऑनलाइन पैनल चर्चा में 'खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल देश की सर्वोच्च प्राथमिकता' के रूप में उभर कर आया. इस चर्चा में बंगाल चेंबर के मनोनित अध्यक्ष देब ए मुखर्जी ने कहा कि इस वैश्विक भू राजनीति में हमारे पास पूरी दुनिया के लिए एक उत्कृष्ट और व्यापक योजना होनी चाहिए. इस वैश्विक साझेदारी के लिए सभी देशों को आपस में गठबंधन करना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से दृढ़ता से निपटा जा सके. हमें उम्मीद है कि विश्व के नेता इसे सही भावना से लेंगे. इस वैश्विक महामारी का निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा. इसने प्रत्येक उद्यम को अपने संचालन की गतिविधि को बदलने के लिए मजबूर कर दिया है. लॉकडाउन के दौरान उद्यमी से लेकर ग्राहक बड़े पैमाने पर डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग कर रहे हैं. इससे स्पष्ट है कि डिजिटल प्लेटफार्मों के उपयोग में वृद्धि के साथ इस सेक्टर में कई परिवर्तन हो रहा है, जिससे डिलीवरी मॉडलमें बदलाव इसका एक उदाहरण है. साथ ही जयंत चक्रवर्ती (वरिष्ठ महाप्रबंधक, इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड सह-अध्यक्ष, कृषि और ग्रामीण विकास, बंगाल चेंबर), प्रो. डॉक्टर रॉबिन चक्रवर्ती (अध्यक्ष, स्वास्थ्य समिति, द बंगाल चेंबर), देब कुमार बसु (निदेशक, जेटाल्ड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड एवं अध्यक्ष, विनिर्माण और एमएसएमई समिति, द बंगाल चेंबर), अर्णब बसु (मैनेजिंग पार्टनर-ईस्ट, कंसल्टिंग लीडर, प्राइस वाटर हाउस कूपर्स प्राइवेट लिमिटेड और आईटी समिति, द बंगाल चेंबर), गौतम राय (कार्यकारी निदेशक, एचआर एवं एडमिन, सीईएससी लिमिटेड और अध्यक्ष, ऊर्जा और पर्यावरण समिति), पी.के गुहा (एमडी और सीईओ, जुवेंटस हेल्थकेयर), कोजी सुजुकी (एमडी, रोहटो फार्मा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) प्रमुख थे. सबने अपनी-अपनी राय रखी. देब ए मुखर्जी की अध्यक्षता में ऑनलाइन परिचर्चा सत्र का समापन हुआ.